राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : पर्यावरण विज्ञान
पाठ 9 : वनोन्मूलन
कार्यपत्रक - 9

1 "सम्पूर्ण विश्व में वनों का आवरण दिन-प्रतिदिन सिकुड़ रहा है।" इस कथन की विवेचना कारण सहित कीजिये।

2 क्या आप सोचते हैं कि वनों की कटाई के कारण उस क्षेत्र की जलवायु पर प्रभाव पड़ता है? यदि हां, तो अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिये।

3 आपके विचार से क्या आदिवासी समुदाय जंगल की जैव विविधता को नुकसान (क्षति) पहुंचाये बिना रहने में सक्षम हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिये।

4 "जंगलों के विनाश (कटाई) के चलते भारत में जलवायु का प्रारूप बदल गया है।"उदाहरण सहित कथन की विवेचना कीजिये।

5 उन मानवीय क्रियाकलापों का उल्लेख कीजिये जो वनोन्मूलन के लिए उत्तरदायी हैं।

6 "विश्वके ध्रुवीय क्षेत्र भी एक प्रकार के रेगिस्तान ही हैं।" उदाहरण सहित वर्णन कीजिये।

7 शहरीकरण और विकासात्मक क्रियाकलाप वनोन्मूलन (वनों की कटाई) को बढ़ावा देते हैं? वर्णन कीजिये।

8 वनोन्मूलन के कारण भारत में वन्य जीवों की क्षति हो रही है।एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

9 खेती की स्लेश और बर्न विधि का वर्णन कीजिये और भारत में उन स्थानों के नाम बताइये जहां यह विधि प्रयुक्त की जाती है? क्याइस विधि की कोई कमियां है? यदि हां, तो उल्लेख कीजिये।

10 वनों के कई प्रकार के कार्य हैं। इसके नियामक कार्यों का विस्तारपूर्वक उल्लेख कीजिये।